Need to attach general and sleeper class coaches in UP Sampark Kranti Train (No. 12447/12448) or introduce a new Jansadharan Express-laid

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): ट्रेन न० 12447\12448 (यूपी संपर्क क्रांति) जो हजरत निज़ामुद्दीन (दिल्ली) से मानिकपुर जंक्शन तक जाती है, जिस पर दो हफ्ते से इस ट्रेन में जनरल एवं स्लीपर के कोचो को हटाकर ए0सी0 के कोचो को बढ़ा दिया गया है । मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा चित्रकूट सहित बुंदेलखंड के गरीब मजदूर दिल्ली आने के लिए इस ट्रेन उपयोग करते है, किन्तु स्लीपर एव जनरल के कोचों को हटाने से गरीब मजदूरों को काफी दिक्कते होती है । पहले इस ट्रेन में स्लीपर के 8 कोच होते थे जिसको घटाकर 2 कर दिया है तथा जनरल के कोच भी कम कर देने से गरीब मजदूर ट्रेन में चढ़ नहीं पाते है । ए0सी0 3 के 10 एवं ए0सी0 2 के 4 कोच बढ़ाए गए हैं जो खाली रहते है, तथा जनरल एव स्लीपर के कोचों मे गरीब मजदूर जानवरों की तरह भरे रहते है । अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ, कि ट्रेन न० 12447/12448 (यूपी संपर्क क्रांति) अप डाउन जो मथुरा, आगरा, झाँसी, महोबा, बांदा, चित्रकूट मानिकपुर के चलती है, उक्त ट्रेन को पूर्व की भांति जनरल एवं स्लीपर के कोच लगाए जाए अथवा क्षेत्र के गरीब मजदूरों के लिए एक नई जन साधारण ट्रेन को चलाये जाने का कष्ट करे ।